# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411


क्रमांक :- 17673 दिनांक :- 27.01.2021

## प्रबंध बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 23.01.2021 का कार्यवाही विवरण

प्रबंध बोर्ड की विशेष बैठक दिनांक 23.01.2021 को विश्वविद्यालय परिसर के कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रातः 11:30 बजे आयोजित हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रबंध बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहेः

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. भगीरथ सिंह | माननीय कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. श्री एम. एस. पूनिया | शिक्षाविद् | सदस्य |
| 3. श्री जी. एन. घसिया | शिक्षाविद् | सदस्य |
| 4. डॉ. सुशील नान्दल | डीन, समाज विज्ञान | सदस्य |
| 5. डॉ. डी.पी. मीणा | डीन, कला | सदस्य |
| 6. डॉ. सत्येन्द्र सिंह | प्राचार्य, निजी महाविद्यालय | सदस्य |
| 7. श्री अर्जुन लाल गुर्जर | कुलसचिव | सदस्य |

**नोटः** डॉ. डी. पी. मीणा बैठक में ऑनलाईन उपस्थित रहे।

बैठक की विधिवत कार्यवाही आरम्भ होने से पूर्व माननीय कुलपति महोदय ने सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया।

**Item Agenda (मद) 1 :– विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 06.01.2021 के कार्यवृत का अनुमोदन।**
(कार्य सूची की परिशिष्ट – I)

निर्णयः कार्यवृत का अनुमोदन किया गया। राजस्थान विश्वविद्यालय अध्यादेश 122 A के प्रावधानानुसार यदि पूर्व में कुलाधिपति स्वर्ण पदक विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया है, तो उस पर नियमानुसार कार्यवाही करें।

कुलसचिव

परिशिष्ट - 1


# पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई–मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572-232411


क्रमांक : 17326 दिनांक : 11/1/2021

## कार्यवृत

विद्या परिषद की विशेष बैठक दिनांक 06.01.2021 को प्रातः 11:30 बजे विश्वविद्यालय परिसर के कुलपति सचिवालय सभागार में आयोजित हुई। उपस्थित सदस्य निम्नानुसार रहें। उक्त बैठक में तीन सदस्य ऑनलाईन माध्यम से बैठक में सम्मिलित हुये।

| क्र.सं. | नाम | पद नाम | धारित पद | उपस्थिति |
|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रो0 भगीरथ सिंह | माननीय कुलपति महोदय | अध्यक्ष | उपस्थित |
| 02 | डॉ. रामगोपाल शर्मा | डीन, वाणिज्य संकाय | सदस्य | उपस्थित |
| 03 | डॉ. डी.पी. मीणा | डीन, कला संकाय | सदस्य | उपस्थित |
| 04 | डॉ. अशोक गोदारा | डीन, शिक्षा संकाय | सदस्य | उपस्थित |
| 05 | डॉ. वैभव कुमार शुक्ला | राज्यपाल महोदय द्वारा मनोनित सदस्य | सदस्य | ऑनलाईन |
| 06 | डॉ. पुष्पलता शर्मा | राज्य सरकार द्वारा मनोनित सदस्य | सदस्य | ऑनलाईन |
| 07 | डॉ0 प्रेम सिंह मीणा | राज्य सरकार द्वारा मनोनित सदस्य | सदस्य | ऑनलाईन |
| 08 | डॉ. रविन्द्र कटेवा | राज्य सरकार द्वारा मनोनित सदस्य | सदस्य | उपस्थित |
| 09 | श्री अर्जुन लाल गुर्जर | कुलसचिव | सदस्य सचिव | उपस्थित |
| 10 | डॉ. मुनेश कुमार | परीक्षा नियंत्रक | विशेष आमंत्रित सदस्य | उपस्थित |
| 11 | डॉ. दिलखुश थालोड | प्राचार्य, राजकीय विधि महाविद्यालय, सीकर | विशेष आमंत्रित सदस्य | उपस्थित |

बैठक में निम्न सदस्य उपस्थित नहीं हुए :–

01. प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा।
02. निदेशक, आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा।
03. डॉ. हेमबारी, डीन, विधि संकाय।
04. डॉ. सुशील नांदल, डीन, समाज विज्ञान संकाय।
05. डॉ. नीलम भार्गव, डीन, विज्ञान संकाय।

सर्वप्रथम माननीय कुलपति महोदय, द्वारा सभी सदस्यों का स्वागत किया गया तत्पश्चात कुलसचिव ने बैठक एजेण्डा प्रस्तुत किया जिस पर निम्नानुसार सर्वसम्मति से विचार कर निर्णय लिये गये :–

**01. <u>मुख्य परीक्षा 2020 का परीक्षा परिणाम जारी करने हेतु विचार और निर्णय :–</u>**

विद्या परिषद की बैठक दिनांक 07.12.2020 के मद संख्या 01 के निर्णय में राज्य सरकार के पत्रांक प.3(7)शिक्षा–4/2014 पार्ट दिनांक 30.07.2020 में प्रदत निदेर्शो की अनुपालना में निर्णय लिया गया था, किन्तु निर्णय की पालना में बहुत अधिक संख्या में विद्यार्थियों के परिणाम प्रभावित हो रहे है। अतः आज की विद्या परिषद की बैठक में राज्य सरकार के पत्रांक प.3(7)शिक्षा–4/2014 पार्ट दिनांक 03.06.2020 के निर्देशों की अनुपालना में निर्णय लिया गया कि स्नातक (बी.ए./बी.एस.सी.) प्रथम व द्वितीय वर्ष/बी.बी.ए., बी.सी.ए., बी.एस.सी. (बॉयोटेक) प्रथम व द्वितीय वर्ष के परीक्षार्थियों को अगली कक्षाओं में प्रोन्नत किया जाकर उन्हे मुख्य परीक्षा 2020 प्रोन्नत का प्रमाण पत्र जारी किया जावें तथा आयोजित पेपर की परीक्षा को निरस्त मानते हुए प्रथम वर्ष के परीक्षार्थियों के लिए द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के आधार पर तथा द्वितीय वर्ष के लिए प्रथम वर्ष एवं तृतीय वर्ष के आधार पर औसत अंक देकर अन्तिम वर्ष के साथ प्रोन्नत वर्ष का परीक्षा परिणाम मय अंकतालिका के जारी किया जावे तथा ड्यू पेपर में न्यूनतम उत्तीर्ण अंक दिये जाएं। स्नातकोत्तर पूर्वाद्ध के सभी परीक्षार्थियों को उतरार्द्ध कक्षाओं में प्रोन्नत किया जाकर मुख्य परीक्षा 2020 प्रोन्नत का प्रमाण पत्र जारी किया जावें तथा उतरार्द्ध के आधार पर औसत अंक दिये जाकर उतरार्द्ध के साथ प्रोन्नत वर्ष का परीक्षा परिणाम मय अंकतालिका के जारी किया जावें।

**02. वर्ष 2018 के चांसलर गोल्ड मेडल एवं उपाधि देने पर विचार एवं निर्णय :–**

**1) वर्ष 2018 की उपाधि देने पर विचार एवं निर्णय :–**

वर्ष 2018 में पात्रता प्राप्त विद्यार्थियों की उपाधियों का निम्नानुसार ग्रेस पास किया गया :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| I. | कला संकाय | : | 30204 |
| II. | समाज विज्ञान संकाय | : | 09699 |
| III. | विज्ञान संकाय | : | 11479 |
| IV. | वाणिज्य संकाय | : | 06148 |
| V. | शिक्षा संकाय | : | 10766 |
| VI. | विधि संकाय | : | 00774 |

2) **वर्ष 2018 के चांसलर गोल्ड मेडल व अन्य गोल्ड मेडल देने पर विचार एवं निणर्य :–**

**<u>A.) चांसलर गोल्ड मेडल :–</u>** चांसलर गोल्ड मेडल व अन्य गोल्ड मेडल राजस्थान विश्वविद्यालय की हेण्डबुक पार्ट – II का वोल्यूम I 2005 के अध्यादेश 122 A के प्रावधानों के अनुसार :–

> ''He Shall have obtain highest number of aggregate marks among the successful candidates in the faculty concerned at the examinations held during the last 6 year.''

विश्वविद्यालय में परीक्षाओं का आयोजन वर्ष 2016 से प्रारम्भ होने से कोई भी विद्यार्थी उक्त अध्यादेश की पात्रता नहीं रखता है। जिससे विश्वविद्यालय के द्वितीय दीक्षान्त समारोह 2021 में चांसलर गोल्ड मेडल देय नहीं होगा। राजस्थान विश्वविद्यालय के अध्यादेश में यदि परिवर्तन हुवें हो तो उनके अनुसार निर्णय लेने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किये जाने का निर्णय लिया गया।

**<u>B.) गोल्ड मेडल :–</u>** द्वितीय दीक्षान्त समारोह 2021 में 38 विद्यार्थियों को दिये जाने वाले गोल्ड मेडल की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाईट http://www.shekhauni.ac.in/ पर दिनांक 21 दिसम्बर, 2020 को प्रकाशित की जा चुकी है, जिस पर किसी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने से द्वितीय दीक्षान्त समारोह 2021 में उक्त 38 विद्यार्थी को गोल्ड मेडल दिया जावें।

कुलसचिव द्वारा माननीय सदस्यों का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

कुलसचिव